





हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

## खबर संक्षेप

### नवागांव में वार्षिक अधिवेशन 17 को




**मगरलोड**। खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 17 अप्रैल को ग्राम नवागांव खिसोरा में होगा। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू होंगे। सम्मेलन में एक जोड़ा का आदर्श विवाह होगा। वार्षिक आय- व्यय समेत विभिन्न सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा होगी। समाज के प्रतिभावान छात्रों एवं बुजुर्गों का सम्मान होगा।

### प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 21 अप्रैल से

**धमतरी**। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनईपी अंतर्गत अध्ययनरत बीए, बीएससी, बी. कॉम, बीसीए, बीएससी होम सांईस व्दितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 21 से प्रारंभ होकर 26 अप्रैल तक चलेगी। विद्यार्थियों को प्रथम आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। मूल्यांकन परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्यार्थियों की होगी।

### आसमान पर उठी घटा कहीं बारिश तो कहीं धूप

- आगामी दिनों में भी मौसम रहेगा खराब

**धमतरी**। मंगलवार को जिले में मौसम का अलग-अलग नजारा रहा। कहीं घनघोर घटा और बारिश हुई तो कहीं धूप निकली। पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव जिले में दिख रहा है। बुधवार को भी इसका असर रहेगा। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अलग-अलग 4 आसमानी सिस्टम बने हुए है। पश्चिमी विक्षोभ मध्य से उपरी क्षोभमंडल स्तर में एक द्रोणिका के रूप में अपनी धुरी के साथ समुद्रतल से 5.8 किमी उपर उत्तर बिहार से झारखंड उड़ीसा होते हुए उत्तर तटीय आंध्रप्रदेश तक चल रहा है। एक द्रोणिका दक्षिण मध्यप्रदेश के मध्यभाग से उपर चक्रवाती परिसंचरण से छग, झारखंड, उड़ीसा होते हुए दक्षिण गगीय पश्चिम बंगाल तक स्थित है। यह समुद्रतल से 1.5 किमी उपर तक फैली हुई है। इसके प्रभाव से प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। आगामी दो दिनों के बाद भी प्रदेश में एक दो स्थानों पर बादल गरजने, तेज हवा चलने के साथ हल्की मध्यम बारिश हो सकती है।

सिंगोली में असामाजिक तत्वों ने जैन साधुओं को लहूलुहान होते तक पीटा

# साधुओं से हुई मारपीट के विरोध में रैली

**रैली में सर्व समाज हुआ शामिल, प्रशासन को ज्ञापन सौंप मांगी सुरक्षा**

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मध्यप्रदेश के सिंगोली क्षेत्र के ग्राम कछाला के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे जैन साधु संतों के साथ रात को कुछ असामाजिक तत्वों ने लूटपाट करने के इरादे से बेरहमी से मारपीट की। इस घटना का पूरे देश में विरोध हो रहा है। जैन समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है तथा साधु संतों, मुनियों की सुरक्षा की मांग की है।

इसी कड़ी में धमतरी में भी जैन समाज ने शहर में रैली निकालकर विरोध किया। रैली को समर्थन देते हुए सर्व समाज भी शामिल हुआ। मंगलवार की शाम को घड़ी चौक से निकली रैली गोलबाजार, मठ मंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंची जहां राष्ट्रपति के नाम एसडीएम पीयूष तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जैन समाज ने कहा कि समाज के मुनिराज विहार करते हुए 13 अप्रैल 2025 को जावद विस के सिंगोली के पास कछाला गांव के हनुमान मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए ठहरे थे। रात्रि में असामाजिक तत्वों ने लूट के इरादे से मुनियों के साथ मारपीट की। उन्हें लहूलुहान होने तक पीटा। विदित हो कि जैन साधु, संत, मुनि, साध्वी अपने पास रूपये, पैसे, गहने नहीं रखते। अपने लिए आहार पानी भी सूर्योदय के बाद एवं सूर्यास्त से पहले शाकाहारी घरों से मांग कर ग्रहण करते हैं। यह मानवीय मूल्यों का अपमान है। हिन्दुओं के आराध्य भगवान हनुमान के मंदिर में मारपीट की गई है, जो शर्मनाक है। इस घटना के अपराधी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। रैली में शामिल संत महेन्द्र सागर जी ने इस घटना की निंदा की है। विनय सागर ने कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए माता-पिता भी जिम्मेदार हैं। संस्कार सिखाते तो बच्चे ऐसी हरकत नहीं करते।





रैली में प्रमुख रूप से विजय गोलछा, रमन लोढ़ा, दीपक जैन, नीलेश लुनिया, कुशल लोढ़ा, प्रकाश गोलछा, ललित बरड़िया, निखिल डागा, सुशीला नाहर, मनीषा, सुरेश गोलछा, भीखम नाहर, महेश कोटड़िया, विनोद चौरड़िया, लक्की पारस, रूपल लोढ़ा, नितेश कोटड़िया, ऋषभ गांधी, सतीश नाहर, डॉ. विजय प्रकाश जैन, सरला जैन, संतोष मिन्नी, रोहित छाजेड़, सतीश नाहर, कोमल बोहरा, संतोष कांकरिया, अजय लोढ़ा, विरेन्द्र गोलछा, नरेन्द्र गोलछा, आशीष मिन्नी, नरेश राखेचा, संजय जैन, धर्मेन्द्र लोढ़ा, ज्ञानचंद लुनावत, शिशिर सेठिया, लूनकरण जैन, पारसमल जैन, आशीष बंगानी, सुमीत जैन तथा सर्व समाज की ओर से महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, चंदू जसवानी, महेश रोहरा, हरजिंदर छाबड़ा, रामू वाधवानी, यशवंत साहू, योगेश गांधी, नंदलाल जसवानी, चन्द्रकला पटेल, अखिलेश सोनकर, महेन्द्र खंडेलवाल, राकेश चंदवानी, अविनाश दुबे, चेतन हिन्दूजा सहित बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग उपस्थित थे।

# लोन दिलाने के नाम पर युवक से 95 हजार की ठगी

- फार्मेल्टी के नाम पर किस्तों में जमा कराये रूपये, अर्जुनी थाना में शिकायत दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बैंक से 5 लाख का लोन दिलाने के नाम पर ठग ने युवक से 95 हजार की ठगी कर ली है। पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम ढीमरटिकुर नवागांव निवासी सीताराम पिता बालाराम निषाद उम्र 44 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। 27 फरवरी 2024 को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से किसी महिला का फोन आया। अज्ञात महिला ने युवक को मोदी की गारंटी के तहत 5 लाख रुपये तक आधारकार्ड से लोन मिल जाने की बात कही। यह सुन युवक लोन निकालने के लिए तैयार हो गया। लोन के लिए महिला ने युवक को अपनी फोटो, बैंक पासबुक, आधारकार्ड व पेनकार्ड को दिए गए व्हाटसअप में भेजने के लिए कहा । युवक ने अपना दस्तावेज दिए नंबर पर व्हाटसअप कर दिया। इसके बाद उक्त महिला ने युवक को कभी फार्म के लिए तो कभी फार्मेल्टी के लिए एक दो दिन के अंतराल में फोनकर 2500 रुपये, 9900 रुपये, 17000 रूपये, 8400 रुपये, 5450 रुपये, 12600 रुपये, 8750 रुपये को फोन पे के माध्यम से उनके द्वारा दिए गए बारकोड में तथा 30400 रुपये को च्वाईस सेंटर के माध्यम से डलवाया। युवक द्वारा कुल 95 हजार रूपये भेजे गए। इसके बाद भी उक्त महिला युवक को और पैसा भेजने से उसका पैसा वापस हो जाने का झांसा देती रही। युवक ने आखिरी बार 7 मई 2024 को 5450 रुपए डाला। बाद में ठगे जाने का अहसास होने पर शर्मिंदगी के कारण घटना की थाने में शिकायत नहीं की थी। परिवार से सलाह के बाद पीड़ित युवक ने सोमवार को अर्जुनी थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी अज्ञात नंबरधारक के खिलाफ धारा 420 भादसं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# नाबालिग लड़की की शादी पर लगी रोक

- जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीम ने लड़की के घर पहुंचकर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग के तमाम प्रचार-प्रसार के बाद भी नाबालिग लड़के, लड़की की शादी थम नहीं रही है। मंगलवार को बाल संरक्षण टीम को एक नाबालिग लड़की की शादी रोकने में सफलता मिली है। ज्ञात हो कि 10 अप्रैल को नगरी क्षेत्र के एक ग्राम में 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी पर रोक लगाई गई थी।

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक नाबालिग लकड़ी का विवाह बालोद जिले के एक ग्राम के लड़के के साथ होने की सूचना मिली। सूचना पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी आनंद पाठक के निर्देशानुसार जिलास्तरीय टीम बाल विवाह रोकने कुकरेल के पास स्थित एक गांव पहुंची। लड़की की पांचवी क्लास की अंकसूची में जन्म तिथि 18 अगस्त 2008 दर्ज है तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिकार्ड में उसकी जन्मतिथि 25 अगस्त 2007 दर्ज है। दोनों जन्मतिथि में लड़की की उम्र 18 वर्ष से कम पाने पर विवाह रोकने परिजनों को समझाया गया। विवाह 5 मई 2025 को होने वाला था। शादी का कार्ड कई परिजनों को बांटा जा चुका था।



लड़की के पिता शादी कार्ड बांटने गए थे। घर में मौजूद लड़की की मां को समझाइश दी गई कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। बाल विवाह करने पर शादी में सम्मिलित होने वाले लोगों पर 2 साल की सजा तथा जुर्माने का प्रावधान है। उक्त जानकारी पर लड़की के परिजन शादी रोकने पर सहमत हुए। लड़का पक्ष को इसकी सूचना मोबाइल पर दी गई।

इस कार्रवाई में महिला बाल विकास जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी यशवंत बैस, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी प्रमोद अमृत, गैर संस्थागत संरक्षण अधिकारी राजीव गोस्वामी, चाइल्ड हेल्पलाइन केन्द्र समन्वयक नीलम साहू, सुश्री मनीषा निषाद उपस्थित थे।


# अवैध होर्डिंग्स पर चला निगम का बुलडोजर

- घड़ी चौक से अर्जुनी चौक तक दर्जनों होर्डिंग्स, बैनर और फ्लेक्स हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की खूबसूरती और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम धमतरी द्वारा अवैध होर्डिंग्स और विज्ञापन बोर्डों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत निगम की टीम ने घड़ी चौक से अर्जुनी चौक तक दर्जनों बड़े होर्डिंग्स, बैनर और फ्लेक्स हटाए। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों, मुख्य मार्गों और चौराहों से सैकड़ों अनधिकृत विज्ञापन सामग्रियों को हटाया गया।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में कई बार चेतावनी और नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन कुछ व्यापारियों और संस्थानों ने नियमों की अनदेखी करते हुए बिना अनुमति के बोर्ड लगा दिए थे। इससे शहर की स्वच्छता पर असर पड़ रहा था, साथ ही यह यातायात के लिए भी जोखिमपूर्ण हो गया था। लगातार मिल रही शिकायतों और निरीक्षण के बाद निगम ने यह अभियान चलाया। निगम आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा ने आमजनों से अपील की है कि वे विज्ञापन के लिए तय प्रक्रिया और नियमों का पालन करें। बिना अनुमति किसी भी प्रकार के प्रचार सामग्री न लगाएं।





# कार की ठोकर से बाइक सवार घायल

- चारामा रोड की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चारामा से धमतरी की तरफ आ रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। इस हादसे में दो युवक घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बालोद क्षेत्र के ग्राम गोडेली निवासी नोगेंद्र नेताम पिता प्रभुराम उम्र 30 वर्ष अपने साथी पेमन ठाकुर उम्र 30 वर्ष ग्राम अमोरा बालोद निवासी के साथ बाइक से चारामा की तरफ गया था। मंगलवार को दोनों युवक बाइक से नेशनल हाईवे से गुजरते हुए धमतरी की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान धमतरी से चारामा की तरफ जा रही कार ग्राम भुजालगोंदी के पास बाइक को सामने से ठोकर मार भाग गई। कार की ठोकर से दोनों युवक बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरे। सूचना पर एनएचएआई की एम्बुलेंस 1033 तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को वार्ड में भर्ती किया गया। वहीं दूसरे घायल की गंभीर चोट को देख उसे रायपुर रिफर करने की तैयारी की जा रही थी।



# जिलाबदर निगरानी बदमाश गोकुलपुर में घूमते पकड़ाया

- कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पांच माह पहले जिलाबदर किए गए निगरानी बदमाश को कोतवाली पुलिस ने गोकुलपुर चौक के पास घूमते हुए गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार जिलाबदर व निगरानी बदमाश सूरज उर्फ सूरजभान निषाद पिता नन्दूराम उम्र 51 वर्ष स्कूल चौक दानीटोला निवासी को 19 नवम्बर 2024 को जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था। जिलाबदर सूरजभान कार्रवाई के पांच महीने बाद बिना अनुमति के जिले में प्रवेश कर गोकुलपुर चौक के पास घूम रहा था। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंच घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की। निगरानी बदमाश सूरजभान के पास धमतरी जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में धारा 223 बीएनएस एवं छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी सूरजभान निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में टीआई राजेश मरई, प्रआ रवि जगने, आरक्षक युवराज ठाकुर, कृष्णा पाटिल, सुरेन्द्र डडसेना व रूपेश रजक का योगदान रहा।



### गुण्डा-बदमाशों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने गुण्डा-बदमाशों पर नजर रख कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं जिसके तहत कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर निगरानी बदमाश सूरजभान को गोकुलपुर चौक में घूमते हुए गिरफ्तार किया।

**चखना सेंटर के ई-टेंडर में 2.44 करोड़ रूपये की होगी शुद्ध आय**

# मदिरा प्रेमियों ने सालभर में डकार ली 497 करोड़ की शराब

- नशामुक्ति अभियान पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक साल में मदिरा प्रेमियों ने करीब 497 करोड़ रूपये की शराब डकार ली है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल लगभग 67 लाख रूपये से अधिक की शराब जिले के 27 मदिरालयों में बिकी। इधर खोमचा के ई-टेंडर में भी 2.45 करोड़ शुद्ध आमदनी होगी। सबसे महंगा खोमचा भखारा के शराब दुकान की बोली लगी है। जबकि सबसे सस्ता खोमचा हटकेशर शराब दुकान का रहा। नशामुक्ति को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद शराब पीने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हर माह शराब की बिक्री 41 से 42 करोड़ रूपये की हो रही है। किशोर से लेकर युवा सूखे नशे के साथ शराब भी जमकर पीने लगे हैं। आबकारी विभाग में जो आंकड़े सामने आए हैं, उससे शासन एवं विभिन्न संगठनों द्वारा चलाए जा रहे अभियान पर सवाल खड़ा कर दिया है। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2023-24 में 429 करोड़, 32 लाख 48880 रूपये की शराब जिले के 27 दुकानों के माध्यम से बिकी थी। इस साल 2024-25 में 496 करोड़ 26 लाख 76440 रूपये की शराब बेचकर 47.73 प्रतिशत आबकारी ड्यूटी प्राप्त की है। वर्ष 2023-24 में 180 करोड़ 95 लाख 16837 रूपये तथा 2024-25 में 264 करोड़ 32 लाख 76828 रूपये का राजस्व प्राप्त किया है। गत वर्ष के मुकाबले 84 करोड़ रूपये की अधिक आय हुई है।



### भखारा का खोमचा 41 लाख में बिका

जिले में 27 देशी विदेशी शराब दुकानें हैं, जहां ग्राहकों को पीने की सुविधा देने के लिए चखना सेंटर की नीलामी की जाती है। इस साल आनलाइन माध्यम से 24 शराब दुकानों के लिए 19 समूह में टेंडर निकाला गया, जिसमें 3 समूह के लिए टेंडर नहीं आया। बठेना प्रीमियम, सोरिद तथा मगरलोड की शराब दुकानों में जगह का अभाव होने से खोमचा नहीं खोला जा सका है। छाती शराब दुकान का चखना सेंटर एक साल के लिए 1224500, धमतरी मेन 1235300, नगरी 850100, रांवा 1420000, धमतरी मेन 1422000, हटकेशर 700000, कुरूद 1607000, नहर नाका 1135800, बोरसी 1011000, दानीटोला 1076000, मगरलोड 1386000, सुंदरगंज 1450000, आमदी 189100, बठेना 2311000, सोरम 1600000 तथा भखारा का चखना सेंटर के लिए 4105000 रूपये में ई-बोली लगी है।

### शहर के मदिरालय को गांव में खोलने का प्रस्ताव

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 4 नई शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव आया था। लेकिन गांव में विरोध के चलते यह प्रस्ताव अभी अधर में है। सुदरगंज वार्ड में कम्पोजिट दुकान खुलेगी। गौरतलब है कि नारी में शराब दुकान को बंद कराने ग्रामीणों ने महीनों तक आंदोलन किया। ग्रामीणों के विरोध के चलते नारी शराब दुकान को बंद करना पड़ा था। अब फिर से नारी में शराब दुकान खोलने की तैयारी है जबकि ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं।

# परिवारवालों ने युवक को बेदम पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

घर से निकल जाने से मना किया तो युवक को उसके भाई, बहन व मां ने मिलकर जमकर पीटा।

पुलिस के अनुसार स्थानीय जालमपुर निवासी राजकुमार चंदेल उम्र 26 वर्ष वाहन चलाने का काम करता है। रविवार की रात्रि युवक पिकअप वाहन को चलाते हुए घर पहुंचा। वाहन को स्कूल के पास खड़ा कर युवक अपने घर चला गया। जहां उसकी दोनों पत्नी ममता चंदेल व वीणा चंदेल ने युवक को बताया कि परिवारवाले हम लोगों को घर से निकल जाओ कहकर गाली-गलौज कर रहे हैं। युवक ने अपनी मां के पास जाकर घर छोड़कर नहीं जाने बात कही। इतना सुनते ही मां संतोषी चंदेल, बहन प्रिया व भाई सूरज चंदेल ने मिलकर युवक से मारपीट शुरु कर दी। तीनों ने युवक की हाथ-मुक्के व लाठी से बेदम पिटाई कर दी। इस घटना में राजकुमार के सिर, चेहरा व शरीर पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना में आरोपी संतोषी चंदेल, प्रिया चंदेल व सूरज चंदेल के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। मारपीट में घायल राजकुमार ने बताया कि रविवार की रात्रि तीनों नशे में थे। उसकी मां, बहन व भाई अक्सर उसके साथ लड़ाई झगड़ा करते रहते हैं।



**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### भोथली में अंबेडकर जयंती मनी

**धमतरी।** ग्राम भोथली में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सुबह स्वच्छता अभियान और शाम को भीमराव डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर त्रिभुवन, हुलासराम साहू, दिलीप सेन सरपंच, नंदकुमार, कुबेरराम, गिवराज, ईश्वर साहू, सखाराम साहू, दयालु साहू, खेमराज, बलीराम साहू, अशोक सिन्हा, शेखर साहू, बिशाली साहू, रमेश साहू, सोनाराम उपस्थित थे।

### अछोटी स्कूल का स्वर्ण जयंती समारोह 18 को

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला अछोटी में शाला प्रबंधन समिति, शाला परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से स्कूल के 73 वर्ष की सुखद यात्रा को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाने सहसम्मान समारोह का आयोजन 18 अप्रैल शुक्रवार को किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 1953 में प्राथमिक शाला स्थापित की गई थी। कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगी। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे।

## निधन


### पं. मोहन पाण्डेय

**धमतरी।** नगर के रिसाईपारा स्थित दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी पंडित मोहन पाण्डेय उम्र 62 वर्ष का निधन हो गया। वे पंडित रघुवीर प्रसाद पाण्डेय के भतीजे, विजय पाण्डेय, अजय पाण्डेय, संजय पाण्डेय, दीपक पाण्डेय के बड़े भाई एवं प्रांजल पाण्डेय के पिता थे। अंतिम यात्रा निवास स्थान रिसाईपारा से शांतिघाट के लिए निकली।



### जगतूराम साहू

**मगरलोड।** ग्राम कपालफोड़ी निवासी जगतूराम साहू उम्र 89 वर्ष का निधन 15 अप्रैल मंगलवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र रामचंद, नारद राम, कपिलनारायण, जितेंद्र साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिक गण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।



### रामालाल साहू

**कुरुद।** ग्राम खैरा निवासी रामा लाल साहू उम्र 65 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में नाते रिश्तेदार व ग्रामीणजन शामिल हुए। वे योगेश्वर साहू, मोहेश्वर साहू व वेदव्यास के पिताजी थे।



गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई कमजोरी में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी
आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी रोड, अंबेडकर चौक, मानस हेल्थ सेंटर के सामने, अन्तर्ज्योति मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

चैमन उम्र 34 वर्ष पति मोहन राम
जाति तेली निवासी भखारी
तह. कुरुद जिला धमतरी (छ.ग.)
सर्टिफिकेट गुमा
मैं शपथकर्ता नीचे लिखे अनुसार निम्न शपथ-पत्र पेश करती हूं :-
1. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम पता वल्दियत ऊपर लिखे अनुसार सत्य व सही है।
2. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मैं कक्षा छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर छ.ग. की परीक्षा प्रतिभा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग रायपुर से वर्ष 2013-14 में उत्तीर्ण की हूं जिसका प्रथम वर्ष की अंकसूची रोल नं. 13642 व द्वितीय वर्ष की अंकसूची रोल नं. 19355 है जिसका Auxiliary Nurse-Midwife Certificate जिसका रजिस्ट्रेशन नं. xiv-10742 है। उक्त अंकसूची व सर्टिफिकेट ग्राम गुजरा तह. भखारा जिला धमतरी में कहीं गुम हो गया जिसे बहुत ही ढूंढने पर कहीं नहीं मिल पाया है।
3. मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरी उपरोक्त की अंकसूची नहीं होने के कारण आगे शासकीय कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा उपरोक्त की अंकसूचियों की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है द्वितीय प्रति प्राप्त किये जाने हेतु मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।
शपथकर्ता
चैमन
सत्यापन
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 1 से 3 तक में दी जानकारी सही व सत्य है सही व सत्य पाकर आज मुकाम भखारा में अपना हस्ताक्षर किया।
दिनांक 11.04.2025
सत्यापनकर्ता
चैमन

### कुरुद नगर में लगेगी बाबा साहब की प्रतिमा : ज्योति

# भाजपाइयों ने डॉ. अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भवन चंद्राकर, भाजपा कार्यकर्ता और महिला मोर्चा के सदस्यों ने माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने विधायक श्री चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रमुख चौक चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित किये जाने का उल्लेख कर अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर से नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की, ताकि लोग उनके आदर्शों पर चल सकें।



मुख्य वक्ता नपं अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए गरीब आवास योजना और सभी धर्मों के समावेशी विकास की बात की। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार परिस्थितियां बदलती रहती हैं, लेकिन अधिकार और कर्तव्य सभी के लिए समान हैं। विधायक प्रतिनिधि की मांग को स्वीकार करते हुए घोषणा की कि नगर में उपयुक्त स्थान का चयन कर बाबा भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

इस अवसर पर विकास चंद्राकर, भारत भूषण पंचायन, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, रवि मानिकपुरी, किशोर यादव, चित्ररेखा टंडन, कविता चंद्राकर, संगीता सेन, राजेंद्र साहू, महेंद्र गायकवाड़, टिकेशर चंद्राकर, शत्रुहन साहू, भारती पंचायन, भूमिका सिन्हा, सुरेखा चंद्राकर, राजकुमारी ध्रुव, खिल्लू देवांगन, मन्नू विश्वकर्मा, अनुराधा साहू, संगीता सेन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रभात बैस और आभार प्रदर्शन योगेंद्र सिन्हा ने किया।

### भाजपा का गांव चलो, घर-घर चलो अभियान पहुंचा भीतररास

# भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचार है, संस्कार है : बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम भीतररास महावीरपारा में भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो, घर-घर चलो अभियान अंतर्गत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, एक संस्कार है और राष्ट्र निर्माण की संकल्पना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर घर-घर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक योजनाएं चला रही है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उनका संदेश जन-जन तक पहुंचा रहा है।



कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी नरेंद्र बालू सेन, उपसरपंच सुनील यादव, पंचगण लकेश्वर शांडिल्य, पुष्पलता कुंभकार, तोरण नाग, सतनी शांडिल्य, बूथ अध्यक्ष लोकेश नेताम, तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरीश शांडिल्य, फागूराम शांडिल्य, नेहरू शांडिल्य सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अजजा मोर्चा ने संविधान की प्रस्तावना का किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती पर भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पित किया। कर्राघाटी भाजपा बूथ अध्यक्ष अश्वन कुंजाम की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर धूप, दीप जलाकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष नगरी पूरन धृतलहरे, बूथ अध्यक्ष अशवन कुंजाम, उपसरपंच नोहर मरकाम, भागीरथी दर्रो, तीतराराम, प्रेमलाल कुंजाम समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने निकलेगी जागरुकता रैली

- लईका घर प्रबंधन समिति गोरेगांव की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम गोरेगांव में गत दिवस लईका घर प्रबंधन समिति की मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग समिति अध्यक्ष क्षमारानी यादव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सरपंच कन्हैया लाल नाग, उपसरपंच जीवन यादव, ग्राम समिति के अध्यक्ष लेखराम साहू, एसपीएफ से मनीष वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। पिछली मीटिंग में लिए गए निर्णय के क्रियान्वयन पर सहमति व्यक्त की गई। सीएचओ संगीता देवांगन ने बीमारी के दौरान व बीमारी के बाद दिये जाने भोजन के बारे में जानकारी दी। कुपोषण विषय पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने गांव को कुपोषण मुक्त करने पर जोर दिया। गर्मी को देखते हुए केंद्र संचालन के समय में परिवर्तन करने चर्चा की गई। केन्द्र में पेयजल व स्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु ग्राम पंचायत का ध्यानाकर्षण करने का निर्णय लिया गया। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने जागरूकता रैली निकाली जायेगी। नवनिर्वाचित सरपंच कन्हैयालाल नाग व उपसरपंच जीवन यादव को समिति में नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया। मीटिंग के बाद सदस्यों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।



इस अवसर पर ग्राम समिति के सचिव लोकनाथ कुंजाम, पंचगण कुंती ध्रुव, हितेश्वरी ध्रुव, धनेश्वरी अटलखाम, धनेश्वरी बाई, कृष्णा बाई, सुमताबाई, सुनीता बाई, मितानिन, मोबाईल क्रैचेस से मुकेश वर्मा, सरोज पटेल, मंजुलता साहू, समिति सदस्य सहित देखभाल कार्यकर्ता भी उपस्थित थी।

# 28 गांवों के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का हुआ सम्मान

- समाज का विकास शिक्षा, संगठन एवं नशामुक्त जीवन से ही संभव : नोहर सिंह पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

कोसरिया मरार पटेल समाज बगौद राज का वार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम ग्राम पुरी में हुआ। पूरे 28 गांव के समाजजनों की उपस्थिति में ईष्ट देवी मां शाकंभरी एवं भगवान रामचन्द्र की पूजा-अर्चना तथा महाआरती की गई। कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीकचिन्ह भेंट किया गया। पूरे 28 गांवों के नवनिर्वाचित पंच, सरपंच एवं पंचों का सम्मान किया गया।



इस अवसर पर समाज के संरक्षक एवं सभापति नोहर सिंह पटेल ने कहा कि समाज का विकास शिक्षा, संगठन एवं नशामुक्त जीवन से ही संभव है। प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलार सिंह पटेल ने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने कहा कि समाज में युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता से एक आदर्श समाज की रचना की जा सकती है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण, सामाजिक सुझाव एवं मार्गदर्शन, आमजनों से सामाजिक विचार लिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, तुकाराम पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता पटेल, उपसभापति रामकुमार पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विमल पटेल, घासु पटेल, अरूण पटेल ,युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण पटेल, सलाहकार दूजराम पटेल, लीलेश्वर पटेल, हुलास पटेल, हिंच्छाराम पटेल, किशोर पटेल, छबिलाल पटेल समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# अंबेडकर सामुदायिक भवन में स्वच्छता अभियान चला



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और इसके सफल क्रियान्वयन हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

इस अभियान का उद्देश्य अगले पांच वर्ष में स्वच्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है ताकि लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। स्वच्छ भारत अभियान सफाई करने की दिशा में प्रतिवर्ष 100 घंटे के श्रमदान के लिए लोगों को प्रेरित करता है। इसी कड़ी में अंबेडकर सामुदायिक भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सफाई कर सूखे कचरे का निपटान किया गया। आमजनों से भी स्वच्छता अभियान से जुड़ने की अपील की गई। मौके पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, सुशीला ,निर्मलकर, केंवरा, मैना, शशि निर्मलकर, शशिबाई, मालती, सुषमा, लक्ष्मी निर्मलकर, कमलेश चंदेल, सोनारिन, शांति साहू, ठगिया यादव, समीर गौर उपस्थित थे।

### बिरगुड़ी में ब्रम्हाकुमारीज के तीन दिवसीय संस्कार समर कैंप का समापन

# अच्छे संस्कार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ब्रम्हाकुमारीज बिरगुड़ी के प्रभु स्मृति भवन में बीके सरिता दीदी मुख्य संचालिका ब्रम्हाकुमारीज के दिशा निर्देश पर तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान बीके फुलेश्वरी ने बच्चों को राजयोग मेडिटेशन (ध्यान योग) के बारे में बताते हुए कहा कि मन की शांति, एकाग्रता व याददाश्त बढ़ाने व अच्छे कर्मों के लिए राजयोग जरूरी है। बच्चों को रचनात्मकता से जोड़कर कुसंगति व नशे से बचाया जा सकता है। अच्छे संस्कार जीवनपर्यंत आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।



समर कैंप में कल्याणी साहू ने प्रतिदिन योग, प्राणायाम, व्यायाम कराया। सामान्य ज्ञान व आध्यात्मिकता से संबंधित पासिंग पार्सल गेम, शुभ भावना गतिविधि, अलौकिक सांप सीढ़ी खेल, रिंग गेम, एकाग्रता से रंगों को पढ़ने का गेम के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा, जल ही जीवन है, ब्लेसिंग बॉक्स बनाना जैसे महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी ज्ञान के बारे में बताया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेंद्री कश्यप सरपंच मोदे, साधना गौर शिक्षिका, रेखा पालेश्वर, रामदयाल पालेश्वर, मुकेश सोन ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने बच्चों को पुरस्कृत किया। इसी क्रम में 12 अप्रैल से प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक बच्चों के लिए क्लास लगेगी। समर कैंप में बीके भावना, फुलेश्वरी, रतिराम नाग, शिव, ईश्वर, लीलाधर, हर्षिता, निशा, सेवती का सहयोग रहा।

## अंचल की खबरें

### खम्हरिया में संविधान निर्माता को किया याद



**नगरी।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में भारतीय संविधान के निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अतिथि भगवानदास साहू, सरपंच संत कुमार मरकाम ने अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और शिक्षा की ताकत को बताया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती महेश्वरी साहू, रोजगार सहायक धनंजय मरकाम, उपसरपंच हुलासनी ध्रुव व पंचगण भानबाई साहू, पवन नेताम, पुष्पलता यादव, सुंदरीबाई मरकाम, ललेश यादव, रोहिणी निर्मलकर उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर की स्थापना पर निकली कलश यात्रा



**मगरलोड।** ग्राम भगत परसवानी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर जागृति नवयुवक समिति द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान मंदिर की स्थापना की गई। इस अवसर पर कलश शोभायात्रा निकाली गई। गांव की सैकड़ों महिलाओं व बच्चों के साथ कलश शोभायात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया।

### सरपंच व पंचों ने कुपोषित बच्चों को लिया गोद



**नगरी।** विशेष पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम पंचायत खम्हरिया के आंगनबाड़ी केंद्र में कुपोषित बच्चों को सरपंच एवं वार्ड पंचों ने गोद लिया। मौके पर सरपंच संतकुमार मरकाम, उपसरपंच लाखनी ध्रुव, वार्ड पंच भानबाई साहू, पुष्पलता यादव, सुंदरी बाई मरकाम, रोहिणी निर्मलकर, पवन नेमधन, पूर्णिमा, लालेश यादव, रोहित ग्वाल, परीक्षित निर्मलकर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू मौजूद थे।

### कोड़ापार में अम्बेडकर जयंती मनाई गई



**जीजामगांव।** ग्राम कोड़ापार में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच भीम साहू, प्राधिकृत अधिकारी दरबा जीवन साहू, मंडल संयोजक गौरव भोसले, बूथ अध्यक्ष कुन्दन साहू, उपसरपंच मेघनाद यादव, उमा शाला कोड़ापार के अध्यक्ष तुकाराम यादव, झम्मन साहू, भुवन बारले, पवन नवरंगे, उगेश पाल, परदेशी यादव, सुदर्शन बारले, आजूराम टंडन, अरुण सिन्हा, संतोष लहरे, हरिराम साहू, श्याम साहू, श्रीमती गुमा साहू, बुधियारिन बाई, पूनम चौहान उपस्थित थे।

### बाबा साहेब की जयंती मनाई गई



**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा इर्रा परिक्षेरत्र द्वारा महार महरा समाज द्वारा बाबा साहेब डां अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। नारायण देव की पूजा हुई। कार्यक्रम के मख्य अतिथि पवन खापडे ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता किशन चांद ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष कुरुद, श्रीमती प्रीति साहू सरपंच जोरातराई, अशोक चांद प्रांतीय अध्यक्ष छग महार महरा समाज, रमेश कौमर्य, केवलराम आसनी, मोहित अग्रवाल अध्यक्ष कोटवार संघ भखारा, फत्तेलाल गंगाधर पूर्व सरपंच पचपेड़ी, रामेश्वर पटेल पूर्व अध्यक्ष कोर्रा इर्रा परिक्षेत्र, धर्मेंद्र नायक पूर्व सचिव कोर्रा इर्रा परिक्षेत्र, जागेश्वरी चांद, टामिन चांद, लक्ष्मी चांद, रूक्मणि, सातो, सरिता, सीमा, केसर समेत अन्य मौजूद थे।

### थूहा में प्याऊ घर का उद्घाटन



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा द्वारा स्काउटिंग उद्देश्य से प्रेरित होकर जनप्रतिनिधि एवं व्यापारियों से सहयोग से ग्राम पंचायत थूहा (बंगोली मोड़) में प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सरपंच लोमेश्वर ध्रुव ने कहा कि यह सराहनीय एवं पुण्य का कार्य है। उपसरपंच तुकेश साहू ने भी इस प्रयास को सराहा। सर्व समाज के अध्यक्ष लीलाराम साहू ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य से समाज के अन्य लोग भी प्रेरित होंगे। शाला प्रभारी प्राचार्य कुमार सेन ने बताया कि इस प्रकार के कार्य अब प्रतिवर्ष किए जाएंगे। इस अवसर पर स्काउट्स प्रभारी ताकेश्वर पाण्डेय, डीएल दीवान, एसएल साहू, श्रीमती एस साहू, ए. सोनवानी, एन बंजारी, ओ. कुर्रे, एन. रंगारी, जी. ध्रुव समेत ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रोवर क्रू ऋतिक कुमार, कुणाल कुर्रे, पूरब सिंह, लेमन कुर्रे, महेश कुमार, रुद्र कुमार द्वारा प्याऊ घर में राहगीरों को सामान्य जल के साथ आम रस, नींबू पानी, जल जीरा उपलब्ध कराया जाएगा।

दुगली में आयोजित अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री

# बाबा साहेब स्वयं शोषित होकर समाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाया : मुंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती ग्राम दुगली में हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड थे। अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल ने की। विशेष अतिथि शिशुपाल सोरी पूर्व विधायक कांकेर, हिरासन उईके राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रभाग, कांति नाग महासचिव महिला प्रभाग़, विद्या सिदार प्रदेश उपाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, गुरुचरण नायक पूर्व विधायक झारखंड, दिवाकर पेंदराम राष्ट्रीय सचिव, बीपीएस नेताम पूर्व कलेक्टर, फूलसिंह नेताम कोषाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छग, कमलेश ध्रुव प्रदेश उपाध्यक्ष अजजा शासकीय सेवक संघ, जीआर राणा पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, शिवचरण नेताम संरक्षक जिला गोंड समाज थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन मुंडा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने समाज की सबसे पिछड़ी पंक्ति में रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए विभिन्न प्रावधान कर उन्हें सामाजिक रूप से समानता, बंधुत्व और न्याय प्रदान किया है । समाज को उन पर गर्व है कि स्वयं शोषित, पीड़ित होकर समाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाया है। बाबा साहेब का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। नीलकंठ टेकाम ने कहा है कि दुगली क्षेत्र में इस तरह का सार्वजिक आयोजन होना समाज के लिए जागरूकता तथा गौरव की बात है। सभा को शिशुपाल सोरी, हिरासन उईके कांति नाग़ ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चिंता राम तुमरेटी व आभार व्यक्त मयाराम नागवंशी जिला अध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद धमतरी एवं अध्यक्ष गोंडवाना समाज उपक्षेत्र दुगली ने किया।

इस अवसर पर मयाराम नागवंशी, जोहरलाल चंद्रवंशी, जितेंद्र वीर कुंजाम, दशरथ नेताम ,बुधराम नेताम, अशोक साक्षी, डोमार सिंह ध्रुव, राजाराम मंडावी, सुरेंद्र ध्रुव, कृतलाल मरकाम, विशाली राम ध्रुव, भूपेंद्र नेताम, रोहित दीवान, तुलसी मंडावी, कलावती मरकाम, रामकुंवर मंडावी, रोहित कोमरे, मानसाय मरकाम, अश्वनी बंधु, हेमंत मंडावी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# खिसोरा में लगी पूरक पोषण आहार प्रदर्शनी



**मगरलोड**। ग्राम खिसोरा के सेनानी भवन में पोषण पखवाड़ा का आयोजन हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं द्वारा फल, अनाज, सब्जियों, पूरक पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाकर ग्रामीणों को संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता इंद्राणी साहू ने बताया कि बच्चे के प्रथम 1000 दिवस बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और यही बच्चों के सर्वांगीण विकास करने के लिए सुनहरा अवसर होता है। चिकित्सक हिरामन ध्रुव ने बताया कि कुपोषण की शुरुआत गर्भावस्था से शुरू होती है जो बच्चे के जन्म के बाद गंभीर समस्या बन जाती है। खिसोरा में 0 से 6 साल के मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनके बाल मित्र बनाए गए जो इन्हें सुपोषित करने हेतु विभिन्न सहयोग कर रहे हैं। आयुष विभाग के चिकित्सक कुंजबिहारी ने बच्चों के लिए आयरन सीरप एवं इम्यून बूस्टर ड्रॉप दिया ताकि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा बंसोड़, मौसमी कंडरा, थानवरिन पटेल सहायिका और पालक शामिल रहे।

# श्रीराम दरबार की झांकी ने मोहा मन

- गोरेगांव में मना हनुमान जन्मोत्सव, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम गोरेगांव में श्री राम हिंदू संगठन के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निकाली गई श्रीराम दरबार की झांकी और शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। शिव मंदिर से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में भगवान श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा वहीं डीजे की भक्तिमय धुनों पर युवा और बुजुर्गों ने भाव-विभोर होकर नृत्य किया। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचकर सम्पन्न हुई। तत्पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद महाआरती की गई। बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा, तथा बच्चों द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता और बाल हनुमान के स्वरूप में निकाली गई झांकियां हर किसी का मन मोह रहीं थीं। मार्गों में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर ग्रामीणों ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

इस आयोजन में संगठन के संरक्षक भानुप्रताप साहू, जयदेव यदुराज, जातेश सोन, अध्यक्ष हिमांशु यदुराज, उपाध्यक्ष यतींद्र साहू, सचिव खेमन साहू, कोषाध्यक्ष हरिनारायण साहू, राघवेंद्र साहू, बल्लू साहू, संजू साहू एवं अन्य सदस्यों का योगदान रहा। समापन अवसर पर बूंदी, खीर और पूड़ी बांटी गई। रात्रि में श्री सिद्धि विनायक जस झांकी परिवार, नेगीनाला (गट्टासिल्ली) द्वारा प्रस्तुत की गई भक्ति-नाट्य झांकी ने समा बांध दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम का ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया।

# उपस्वास्थ्य केंद्र कोसमर्रा का जनपद सभापति ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी



शासकीय अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र कोसमर्रा में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेषज्ञों की टीम द्वारा वर्चुअल असेसमेंट किया गया। बीपीएम रोहित पाण्डे व सीएचसी प्रभारी गौरव बंगानी के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोसमर्रा में टीम ने विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी ली। संजय साहू, अर्जुन साहू, आरएचओ तरुण साहू, महिला बाल विकास सभापति सिंधु बैस जनपद पंचायत कुरुद एवं मितानिनों का विशेष सहयोग रहा। सिन्धु बैस ने साफ सफाई में विशेष ध्यान देने को कहा।

# अंबेडकर जयंती पर जोरातराई में निकली कलश यात्रा





**कुरुद**। महार समाज कोर्रा परिक्षेत्र द्वारा ग्राम जोरातराई में भगवान नारायण देव व डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दिन समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्र धारण कर सिर पर मंगल कलश लिए गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। युवा व पुरुष नीले ध्वज लेकर जय भीम के नारे लगाते चल रहे थे।

सोमवार को आयोजित हुई इस जयंती में स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पवन खापर्डे सेवानिवृत शिक्षक धमतरी थे। अध्यक्षता किशन चांद उपाध्यक्ष कोर्रा परगना ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी हेमंत साहू जनपद अध्यक्ष जपं कुरूद, श्रीमती प्रीति साहू सरपंच जोरातराई, दयालुराम साहू शिक्षक, अशोक चांद प्रातीय अध्यक्ष छग माहरा समाज, रमेश कौमार्य सेवानिवृत शिक्षक, केवलराम आशनी शिक्षक, मोहितराम अग्रवाल कोटवार संघ अध्यक्ष तहसील भखारा, फत्तेलाल गंगाधर पूर्व सरपंच पचपेड़ी, रामेश्वर पटेल पूर्व अध्यक्ष, धमेन्द्र नायक पूर्व सचिव, शंकरलाल अग्रवाल, अशोक वर्मा, पवन कामड़े, करण पटेल, गुलाब गंगाधर आदि थे। इस मौके समाज के पदाधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर के बहु आयामी व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की। जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को आवाज दी और समानता तथा न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका दिखाया मार्ग आज भी हमें सामाजिक समरसता और प्रगति की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। मौके पर डॉ. पोखराज मेश्राम, सनत पटेल, किशन चांद, लक्ष्मण सोनवानी, देवलाल महार, आनंद गंगाधर, महेश कश्यप, गिरधारी मेश्राम, डोमन मेश्राम, देवलाल मेश्राम, टिकेश्वर मेश्राम, राजकुमार आशनी, चन्द्रहास कामड़े, चंदन चांद, भुवन नायक उपस्थित थे।

# सर्व शैक्षिक संघ की बैठक में एबीईओ को हटाने की मांग



**कुरुद**। सर्व शैक्षिक संघ कुरूद की बैठक में पदाधिकारियों ने शिक्षकीय समस्या को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्य को कराने मानसिक प्रताड़ना करने वाले एबीईओ को हटाने की बात पर सहमति जताई है। बैठक में ब्लॉक शिक्षा कार्यालय कुरूद में कई वर्षों से पेंडिंग पड़े सेवा पुस्तिका संधारण, द्वितीय प्रति को सत्यापित नहीं किया गया जिसे अद्यतन करने, शिक्षा वर्ष 2013-14से काटी गई आयकर राशि को जिसे बीईओ कार्यालय खुद के अकाउंट में रखा है, एक शिक्षक जो समन्वयक के आदेश को पालन करने स्वयं डाक छोड़ने कुरूद कार्यालय गया था। एक शिक्षिका जो अपने प्रधानपाठक के कहने पर शाला अभिलेख संबंधी स्टेशनरी समान खरीदी के लिए गई थी फिर भी स्पष्टीकरण जारी कर विभिन्न ग्रुपों में डालना, शिक्षकीय भावना को आहत पहुंचाने वाली है। उक्त कार्य खंड कार्यालय के अधिकारी द्वारा शिक्षकों के प्रति दुर्भावना को दर्शाता है।

संघ ने बताया कि प्रमोशन या स्थानांतरित शिक्षकों को अपूर्ण कर सेवा पुस्तिका भेजी जाती है। पूर्ण करने पैसे की डिमांड की जाती है। मूल्यांकन कार्य में ड्यूटी, सुशासन तिहार कार्य में ड्यूटी, फिर स्कूली कार्य के लिए भी एक साथ कार्य करने दबाव डाला जाना, फिर शिक्षकों द्वारा, समन्वयकों के द्वारा अवगत होने पर भी स्पष्टीकरण देना। जरूरत से ज्यादा वॉट्सएप मेसेज बनाना और दबावपूर्ण कार्य कराने मजबूर किया जाता है। बैठक में कर्मचारी फेडरेशन संयोजक अशोक निर्मलकर, प्रांतीय अध्यक्ष हरीश देवांगन, राजेश पांडे तृतीय व कर्मचारी संघ, हुलेश चंद्राकर प्रांतीय प्रवक्ता स.शि.संघ, नूतन चंद्राकर व्याख्याता संघ, हुमन चंद्राकर संयुक्त शिक्षक संघ, लुकेश राम साहू सहायक शिक्षक फेडरेशन, योगेंद्र चंद्राकर, जेके साहू, प्रकाश चंद सेन शिक्षक संघ, मनीषदेव वर्मा, फ़ालेश कुर्रे, हरीश निर्मलकर, भावेश चंद्रवंशी उपस्थित थे।

# सचिवों की हड़ताल से पंचायतों का कामकाज ठप




**नगरी**। ब्लाक के पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। उनकी हड़ताल को 1 माह होने को जा रहा है मगर सरकार की ओर से कोई सुध नहीं लेने के कारण 12 अप्रैल से पंचायत सचिवों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। पहले दिन खिलानंद नवरंगे समेत महिला कर्मी लक्ष्मी साहू, ममता उइके और यशोदा कोर्राम भूख हड़ताल में शामिल हुईं। दूसरे दिन राम मरकाम , देवसिंग सोरी, बलराम सोरी, जोहरलाल भूख हड़ताल पर बैठे रहे ।

संघ ने कहा कि सरकार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है जिसके कारण अब यह भूख हड़ताल 22 अप्रैल तक चलेगी। इधर हड़ताल के कारण पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप है। संघ के अध्यक्ष अनित ध्रुव ने बताया विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया गया था। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में सत्ता में आने से पहले अपने घोषणा पत्र में यह गारंटी दी थी। कहा था कि सरकार बनते ही मांग पूरी होगी। सरकार बने डेढ़ साल हो गए, लेकिन मांग अब तक पूरी नहीं हुई। 20 अप्रैल को प्रदेशभर के सचिव दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे। सचिवों ने सरकार से मोदी गारंटी को पूरा करने की मांग की है। इस दौरान बुधराम नेताम, मदन सेन, आसत राम समरथ, गैद लाल साहू, बिंदेश्व यादव, थानसिंह देवांगन, राम कुमार एल्मा, हुलेश प्रजापति, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, गजेंद्र नेताम, भीखराय कुलदीप, ममता उइके, लक्ष्मी साहू, कैलाश साहू, रेवत लाल साहू, द्वारिका प्रसाद कुर्रे, खूबलाल साहू, हरिशंकर, दयालुराम निषाद, भूपेंद्र, पीलाराम सेन, रामप्रसाद सोरी, बीरेंद्र कुमार साहू, किसुन भास्कर उमेद नेताम, ममता उईके, यशोदा कोर्राम शंकर ध्रुव बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

# ग्रामीण अंचलों में श्रद्वा एवं भक्ति से मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। गांव के मंदिरों में हवन पूजन एवं रामायण पाठ के साथ प्रसादी एवं भंडारा का आयोजन किया गया।

ग्राम पुरूर में बाजार चौक में स्थापित हनुमान मंदिर में दोपहर तीन बजे भगवान हनुमान को दूध, दही, गंगाजल एवं पंचामृत से अभिषेक कर चोला चढ़ाकर पंडित सुरेन्द्र तिवारी के द्वारा हवन पूजन एवं हनुमान चालिसा का पाठ कर आरती की गई जिसमें ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए। आयोजक रवि भारद्वाज, तोषण भारद्वाज, पंकज साहू, राजू चौधरी भागवत राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर लोगों ने हवन में आहूति दी तथा प्रसादी वितरण किया गया। इसी तरह ग्राम चिटौद में धान भंडारण केन्द्र एवं वेयर हाउस में भी हमाल संघों के द्वारा एवं ग्राम के त्रिमूर्ति मंदिर, त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर में भी हवन पूजन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया।



## सरबदा में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए हुआ भूमिपूजन

**अंवरी**। ग्राम पंचायत सरबदा में आंगनबाड़ी केंद्र क्रं 02 का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सरपंच श्रीमती मीना संतराम, उपसरपंच रूपराम साहू, पंचगण जगदीश साहू, गिरधर, सरजू ध्रुव, लुकेश्वरी साहू, मंजु साहू, मंजु सोनवानी, राजेश्वरी साहू, देवकी साहू, टिकेश्वरी साहू, चंद्रकला नगारची रोजगार सहायक, यमपुरी गोस्वामी, धर्मेंद्र कुमार, टीकाराम, कृष्णा कुमार उपस्थित थे।




## अंचल की खबरें

### गागरा में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की मांग



**धमतरी**। मुख्यमंत्री साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 8 से 11 अप्रैल तक मनाया गया। ग्राम गागरा में सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों में अपार उत्साह रहा। सभी ने गांव की मूलभूत समस्या के निराकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आवेदन लगाए हैं।

### समरसता दिवस के रूप में मनी अंबेडकर जयंती



**नगरी**। ग्राम छिपली में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी गुरुप्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष दिनेश बंजारे, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच घेवरचंद साहू, लता नवरंग, रंभा कोसेरे, वीरवती बिसेन, ईश्वरी कोसमा, चंदा नवरंग, सुरेंद्र सेवई, किशोर नवरंग, भूपेश नवरंग, अश्वनी कोसेरे, मनीष बंजारे, कुलदीप सेवई, गोविंद, बनवाली टंडन, बालकदास, सागर कोसेरे उपस्थित थे।

### लालबगीचा में मनी अंबेडकर जयंती



**धमतरी**। लालबगीचा वार्ड क्रमांक 3 में बौद्ध समाज द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि ज्ञानीराम रामटेके थे। अध्यक्षता घनश्याम कामड़े ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीमती हिमानी साहू पार्षद, पार्षद पूर्णिमा देवांगन समेत बौद्ध समाज के लोग शामिल हुए।

### बिजनापुरी में डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद



**धमतरी**। ग्राम पंचायत बिजनापुरी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। सरपंच हेमलाल ध्रुव ने भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया। मौके पर उप सरपंच खेमलाल साहू, पंच चूड़ामणि यादव, कोमल निर्मलकर, गैंदलाल ध्रुव, गीताबाई साहू, तामेश्वरी देवांगन, लीलाबाई देवांगन, जयश्री नंदिनी साहू, लक्ष्मी यादव, निर्मला यादव, सरोज साहू, ललिता देवांगन, यादराम साहू, कन्हैया लाल, पुरुषोत्तम लाल, टिकेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### उमरगांव में शिवलिंग की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



- शिव पार्वती का रचाया विवाह, बारात में झूमे ग्रामीण

**नगरी**। ग्राम उमरगांव के बरपारा में शिवलिंग की स्थापना कर प्राण- प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। पूजा-अर्चना ग्राम के पुरोहित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने संपन्न कराई। प्रथम दिवस कलशयात्रा निकाली गई और शिव पार्वती का विवाह रचाया गया। मंडप सजाकर, तेल, हल्दी की पूरे रीति-रिवाज के साथ रस्म निभाई गई। बाजे-गाजे के बारात निकाली गई। रात्रि तक विवाह में लोग नाचते रहे। दूसरे दिन शिव पार्वती की सात भंवर कर टिकावन किया गया। फिर नये शिवलिंग की स्थापना की गई। मौके पर सीताराम ध्रुव, उत्तम गुप्ता, खिरभान साहू, लेखराम साहू, संत कामडे, तुलसी सार्वा, ईश्वर लाल, भुनेश्वर साहू, नारद राम, सजीवन लाल, तुलसी साहू, मोहित गुप्ता, लीला शंकर साहू, नीलकमल यादव, रामनरेश सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### भाजपाइयों ने बाबा साहेब को किया याद



**अंवरी**। भारतीय जनता पार्टी भखारा भठेली द्वारा नगर पंचायत स्तर पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंतीको दलित आइकन के सम्मान में मनाया गया। अतिथियों ने कहा कि अपना सारा जीवन मजदूरों, महिलाओं और अछूतों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। डॉ अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन पश्चात उनके कार्यों को याद किया गया। इस अवसर पर दुलार सिन्हा, ज्योति जैन अध्यक्ष, हरख जैन विधायक प्रतिनिधि, विष्णु साहू उपाध्यक्ष, छबिलाल निर्मलकर, परदेशी कंवर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, अंजु साहू, पार्षदगण बिसरी साहू,संतोष साहू, धनुष देवांगन, राजू सेन, रामकृष्ण नेताम, रामसेवक कंवर, खिलाराम साहू, युगेश धीवर, छोटू माल, मीना ढीढी, सुनीता साहू, भेषज गोस्वामी, योगेश साहू, धनंजय साहू, देवकी साहू, मंजु मौजूद थे।

### क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता : ओंकार

**धमतरी**। धोबी समाज धमतरी राज का वार्षिक अधिवेशन ग्राम अरौद के स्कूल प्रांगण में हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विधायक श्री साहू ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास मेरी प्राथमिकता है। समाज के विकास के लिए बुद्धिजीवियों को भी आगे आना होगा। बच्चों को शिक्षा महत्व बतलाकर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर रोजगार से जोड़ें। धोबी समाज कपड़े धोना, रंगना और इस्त्री का काम करता है।

**खबर संक्षेप**

## हरीश बने नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष



**नगरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंग गैन्दू के निर्देशानुसार शरद लोहाना अध्यक्ष जिला कांग्रेस धमतरी ने नगर पंचायत नगरी के नेता प्रतिपक्ष के लिए हरीश साहू की नियुक्ति की है। विदित हो कि हरीश साहू दूसरे बार पार्षद बने हैं। उन्हें नगरपंचायत का अच्छा अनुभव है। इस नियुक्ति की जानकारी दीपक बैज प्रदेश अध्यक्ष, मलकीत सिंग गैन्दु, प्रभारी महामंत्री विनोद तिवारी अंबिका मारकाम विधायक, भूषण साहू ब्लॉक अध्यक्ष नगरी को दी गई है। हरीश के नेताप्रतिपक्ष नियुक्ति पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## सूरज बने एनएसयूआई मगरलोड के ब्लॉक अध्यक्ष



**मगरलोड।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने एनएसयूआई मगरलोड अध्यक्ष पद पर राजपुर के छात्र नेता सूरज सिन्हा को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर सूरज ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह पूरी इमानदारी से निभाएंगे। मगरलोड के हर अंतिम छात्र तक संगठन की विचारधारा को पहुंचाते हुए संगठन को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। मौके पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी, प्रदेश प्रवक्ता लक्की निर्मलकर, सिहावा विधानसभा अध्यक्ष अरविंद यादव, जिला सचिव भेपेंद्र कंवर, राकेश नेताम, अजय देवांगन, थनेन्द साहू, डीहू साहू, रूपेश, फ़ैजल उपस्थित थे।

## कहीं बंटी खीर-पुड़ी, तो कहीं हुआ हवन-पूजन

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में हनुमान जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। पुराना पारा में पूजा पाठ और बीच पारा में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तिरंगा चौक में मोहल्ले वासियों ने अखंड रामायण पाठ एवं हवन किया। लोगों को खीर पुड़ी बांटी गई। दीपक साहू के निवास में स्थापित हनुमान जी की पूजा पाठ की गई। अन्य जगहों पर भी हनुमान जयंती मनाई गई। हनुमान जी को चोला बंधन, ध्वजा चढ़ाई गई। इस दौरान चोवा कंवर, बाला राम सिन्हा, परशु साहू,बसंत ध्रुव, टिकेश यादव, दोनेश्वर सिन्हा, कुलेश्वर टेलर, भास्कर सिन्हा आदि उपस्थित थे।

## सेनचुआ में अंबेडकर जयंती मनाई गई

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचयात सेनचुआ में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। ग्रामीणों ने उन्हें याद करते हुए समाजिक समरसता, बंधुत्व, समाजिक न्याय, ग्राम विकास का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच जितेन्द्र कुमार साहू, उपसरपंच श्रीमती प्रतिभा साहू, वार्ड पंच श्रीमती रेवती साहू, कन्हैया यादव, भूपेंद्र चन्द्राकर, श्रीमती सरस्वती, श्रीमती हितेश्वरी साहू, श्रीमती सुरजा गोंड, श्रीमती अनुराधा गोंड, श्रीमती डामेश्वरी सेन, टेमन चन्द्राकर समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

धमतरी नगर के शाखा संगम में जुटे सैकड़ों स्वयंसेवक

# देशभर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लग रहीं 83,129 शाखाएं : दुबे





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

15 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की नगर इकाई द्वारा शाखा संगम का कार्यक्रम रखा गया था। सुबह 6.30 बजे शासकीय बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव पीजी कालेज ग्राऊण्ड में नगर की 7 शाखाओं के सैकड़ों बाल, तरूण, युवा और प्रौढ़ स्वयंसेवक संपत्त हुए। यहां पर सात भगवा ध्वज लहराकर स्वयंसेवकों ने 7 गण में विभक्त होकर शाखा का नियमित कार्य किया।

मंगलवार को मां विंध्यवासिनी प्रभात शाखा से 14, शिवशक्ति प्रभात शाखा से 25, शिवाजी प्रभात शाखा से 11, श्रीराम प्रभात शाखा से 18, दानवीर भामाशाह शाखा से 11, जगत जननी मां रिसाईमाता प्रभात शाखा से 9 और भगत सिंह प्रभात शाखा सिहावा चौक से 2 व आमदी के 4 स्वयंसेवक नगर शाखा संगम कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम संपत्त पश्चात 30 मिनट के शारीरिक कालखंड में स्फूर्ति योग, शरीर संचालन, आसन, सूर्य नमस्कार, नियुद्ध , 10 मिनट के बौद्धिक कार्यक्रम में गीत, सुभाषित, अमृत वचन समेत 10 मिनट का खेल रखा गया था। अंत में प्रार्थना पश्चात 30 मिनट रायपुर से पहुंचे अतिथि का उद्बोधन प्राप्त हुआ।

मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ प्रांत संपर्क प्रमुख संजय दुबे रायपुर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए

**7 भगवा ध्वज लेकर स्वयंसेवक पीजी कालेज ग्राऊण्ड पहुंचे**

कहा कि जिस तरह कुंभ में लोग जुटे थे वैसे ही यह शाखा संगम रखा गया है। पूरे देश के लोग एक दूसरे से मिले, एक दूसरे की संस्कृति को जाने, इस उद्देश्य से महाकुंभ हुआ। हम एक दूसरे से घुल मिल सके इसलिए यह शाखा संगम रखा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह अमृतकाल शताब्दी वर्ष है। संघ अपना 100 साल पूर्ण करने जा रहा है। वर्तमान में पूरे भारत देश में 83129 शाखाएं लग रही हैं। इन्हीं स्वयंसेवकों के बल पर आज सरसंघचालक संघ प्रमुख मोहन भागवत जी गरजकर अपनी बात देश के सामने रखते हैं। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि इस शताब्दी वर्ष में संघ का लक्ष्य है कि प्रत्येक शाखा से 2 नई शाखा खोली जाए। यह तभी संभव होगा जब हमारी अपनी शाखा से कुछ लोग निकलकर बस्ती में अन्य शाखा खोलें। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रत्येक बस्ती में 3 शाखा खुले, इसलिए हमें कमर कसकर काम करना है। उद्बोधन पश्चात श्री दुबे ने प्रत्येक स्वयंसेवक से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और संघ के कार्य में तन-मन-धन लगाकर निरंतर काम करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र, राजिम विभाग सह कार्यवाह घनश्याम साहू, नगर कार्यवाह गौरव मगर, नगर सह कार्यवाह मोहित साहू ,धमतरी खंड नगर प्रचारक राजकुमार महंत, मुरलीधर साहू, विस्तारक हेमचरण साहू, राधेश्याम साहू, विजय ठाकुर, राजू सोनकर, राजेन्द्र पटेल, भूपेश लोधी, रौनित सहारे, योगेश साहू, मुकुंद यादव, तिलक भोई, रूपेन्द्र साहू, मनोज साहू, मोहित देवांगन, उमेश साहू, हरलाल साहू, विशाल ब्रम्हे, शैलेष चंद्राकर, राजू महाराज, सागर निर्मलकर, नोहर देवांगन, रामकुमार साहू, कोमल साहू, नगर प्रचार प्रमुख उमेशसिंह बशिष्ट सहित अन्य बाल स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोता हुए भावुक



- भागवत कथा के आठवें दिन भगवताचार्य ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

ग्राम देवकोट में चल रही भागवत कथा के आठवें दिन भगवताचार्य सूर्यभान चौबे ने सुदामा चरित्र की कथा सुनाई। सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा सुनने के बाद श्रोता भावुक हो गए। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन था, जिसे सुनकर सभी भाव विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण था।

सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका जाते हैं। उनके पास कृष्ण को देने के लिए केवल चावल ही था। किंतु उनका स्नेह और सच्ची मित्रता कृष्ण के लिए अनमोल होती है। सुदामा की सच्ची मित्रता और निःस्वार्थ प्रेम की भावना को सुन श्रोता भावुक हो गए। इससे पहले दिन कृष्ण जन्म, रूक्मणि की कथा हुई। महाराज ने महिलाओं से कहा कि भोजन पकाते समय तुलसी दल मिला दें तो भोजन प्रसाद बन जाता है। प्रसाद ग्रहण करने से मन और शरीर को तृप्ति मिलती है।

तुलसी हर घर के आंगन में हो और शिव की स्थापना अलग होनी चाहिए। एक ही चबूतरे में नहीं होनी चाहिए क्योंकि तुलसी, कृष्ण की प्रेयसी है। उल्लेखनीय है कि देवकोट में 8 से 16 अप्रेल तक कथा का आयोजन किया गया है। कथा सुनने विधायक संगीता सिन्हा, प्रेम सिन्हा प्रदेश कलार समाज पूर्व महामंत्री, भुनेश्वर सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुशीला सेवक साहू, जनपद सदस्य गुलाल सिन्हा, झलेन्द्र साहू, कमल किशोर सिन्हा, यामिनी सिन्हा समेत अनेक श्रद्धालु पहुंचे थे। आयोजन में परस सेवानिवृत्त शिक्षक, तेजेश्वरी, ज्ञानेश, ममता, ललित, मानसी, दीक्षा, गयाराम, चैती, महेन्द्र, प्रभु, भारत, पुरूषोत्तम, कृष्ण, प्रवीण, महेश, ओमप्रकाश, शत्रुघन, धनवेश पूजा, राम लखन, रेखा गजेन्द्र जुटे हैं।

## नए थाना प्रभारी से बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की मांग



- व्यापारियों ने बाबा साहेब अंबेडकर की फोटो भेंटकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

आरक्षी केंद्र मगरलोड के नये थाना प्रभारी अरुण साहू से महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुंडी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मुलाकात कर भारत के संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का तैलचित्र एवं श्रीफल भेंट किया। साथ ही थाना प्रभारी द्वारा बढ़ते अपराध को रोकने साइबर सेल से ठगी के शिकार से बचने, नशा मुक्ति, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने, हाईस्पीड गाड़ी न चलाने, नाबालिग बच्चों को गाड़ी न चलाने देने, नगर के मुख्य चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने, अवैध शराब, गाजा बिक्री पर रोक लगाने, मुख्य सड़क मार्ग से देशी शराब दुकान हटाने, मोबाइल में अनजान व्यक्तियों का वीडियो कॉल रिसीव न करने, नवयुवक को नशा वाली टैबलेट से दूर रहने, बढ़ते अपराध, चोरी की घटना पर अंकुश लगाने के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा की। मुलाकात करने वालों में महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, सचिव सुखदेव राम साहू, सलाहकार मैनसिह हिरवानी, राजू चंद्राकर, कार्यकारिणी सदस्य अजय साहू, घनश्याम बिन्झेकर, यशवंत साहू, सनत साहू, भागवत साहू, मोनू चौहान, दीनदयाल साहू, देवराज देवांगन, दुजेश साहू, विष्णुकांत पांडे, गोकुल देवांगन, ओंकार साहू, राजकुमार साहू, नौहेंद्र कुमार, मानसिंह साहू राजेश साहू, बिसाहू साहू, मनीष साहू शामिल हैं।

## हनुमानजी का करीब ढाई क्विंटल चोला प्रयागराज में होगा विसर्जित 40 पुजारियों की टोली रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर के बजरंग चौक में विराजित दक्षिण मुखी स्वयंभू हनुमान जी महाराज के चोला उतरने के बाद 90 वर्ष पश्चात उनके वास्तविक स्वरूप के दर्शन के बाद करीब 2.40 क्विंटल चोला (बंदन) प्रयागराज के पावन गंगा तट पर विधिवत विसर्जन करने 40 पुजारियों की टोली रवाना हुई है। चोला निकलने की तिथि 27 मार्च 2025 को ही पंडित द्वारा हनुमानजी को पुनः नया चोला चढ़ाया गया और नवरात्रि पश्चात मंगलवार को 40 सदस्यीय टोली मंदिर पुजारी व समिति के साथ प्रयागराज के लिए रवाना हुई। विशेष बात यह रही कि चोला विसर्जन से पूर्व यह बंदन नगर की आराध्य मां चंडी मंदिर प्रांगण में रखा गया था, जहां से आज यात्रा आरंभ हुई। यह दिन कुरूदवासियों के लिए भक्ति, एकता और परंपरा का अद्भुत संगम सिद्ध हुआ। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई, जिसमें विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने भाग लेकर यात्रा को



विधिवत रवाना किया। टोली प्रयागराज में चोला विसर्जन के साथ अयोध्या धाम हनुमान गढ़ी और काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन भी करेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर सहित अनेक श्रद्धालुओं ने शुभकामनाएं दीं और इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई।

## पॉलीटेक्निक कालेज में डॉ. अंबेडकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विद्यार्थियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष तथा संविधान निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विचार प्रस्तुत किए गए। कविता पाठ, नाटक और पोस्टर प्रदर्शनी जैसे रचनात्मक आयोजन भी हुए। समानता का अधिकार विषय पर प्रस्तुत नाटक ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी जयप्रकाश डड़सेना, टारजन मरकाम एवं स्वयंसेवकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश कुमार केशरी एवं केएन वार्डे ने डॉ. अंबेडकर के आदर्शों को जीवन में उतारने तथा शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाने की प्रेरणा दी। यह कार्यक्रम प्राचार्य जीआर साहू के निर्देशन में हुआ।

## महापौर ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर के रेस्ट हाऊस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा का आगमन हुआ। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। श्री मुंडा के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महापौर रोहरा ने उन्हें नगर की प्रमुख समस्याओं और विकास कार्यों की



जानकारी भी दी तथा सहयोग की अपेक्षा जताई। केंद्रीय मंत्री ने भी नगर के विकास हेतु हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।

## अग्नि सुरक्षाकर्मी शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस पर 14 अप्रैल को अग्नि सुरक्षाकर्मी शहीदों के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी श्रीमती शोभा ठाकुर द्वारा जनजागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान नगर सेना के कर्मचारी, नगर सैनिक एवं फायर कर्मी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि 14 से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न जागरुकता अभियान एवं कार्यक्रम जिले में आयोजित किया जाएगा।

**21 से दिल्ली के जंतर-मंतर में होगा आंदोलन, पंचायतों के 200 कार्य हो रहे प्रभावित**

## पंचायत सचिव क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर पिछले 29 दिन से स्थानीय गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के बीच पंचायत सचिवों ने नारे लगाए। सद्‌बुद्धि यज्ञ किया। रैली निकाली। ज्ञापन सौंपा। नगाड़े भी बजाए। सर्व देवीदेवताओं की पूजा की, तब भी शासन-प्रशासन ने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। बल्कि उल्टे काम पर वापस लौटने की चेतावनी दी। हड़ताल के 29 दिन



बीत जाने के बाद सचिव संघ अब क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गया है। पिछले 29 दिन से पंचायतों का काम पूरी तरह ठप है। मंगलवार को 29वें दिन भी सचिव भूख हड़ताल पर रहे। पंचायतों में आवास, शौचालय, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति-आय प्रमाण पत्र, मनरेगा आदि के काम ठप हैं। सरपंच भी अब निहत्थे हो गए हैं। सरकार ने अगर संज्ञान में नहीं लिया तो हड़ताल लंबी खींच सकती है। यह हड़ताल प्रदेश स्तर पर चल रही है जिसमें राज्य के 10600 सचिव शामिल हैं। जिले में 289 सचिव तथा धमतरी ब्लाक में 88 सचिव हड़ताल पर हैं। जिले के 40 ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंचों ने अभी तक प्रभार नहीं संभाला है। प्रभार वाले सरपंच खाली हाथ बैठे हैं। सुशासन तिहार के लाखों आवेदन कम्प्यूटरीकृत नहीं हुए हैं। पंचायतों के सभी काम रूके हैं। सभी दस्तावेज आलमारी में कैद है। पंचायतों के 200 कार्य प्रभावित हैं।

इधर हड़ताली सचिवों का कहना है कि अभी तक सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई है। 21 से 23 अप्रैल तक दिल्ली के जंतर- मंतर में आंदोलन करेंगे। इससे पूर्व 17 मार्च को विस घेराव के साथ आंदोलन की शुरूआत हुई थी। 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

## हनुमानजी बल, बुद्धि के देवता : कविता



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिरेतरा में निषाद समाज के तत्वावधान में राम जन्मोत्सव एवं हनुमान जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अतिथि कविता योगेश बाबर थीं। प्रभु श्रीराम एवं हनुमानजी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि प्रभु श्रीराम को यदि पाना है तो हनुमानजी की भक्ति करनी पड़ेगी। प्रभु श्रीराम तक पहुंचने का मार्ग हनुमान जी के द्वारा प्राप्त होता है। हनुमान जी ने प्रभु श्रीराम की अनन्य भक्ति करते हुए अपना जीवन व्यतीत किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जाने जाते हैं। आज मानव समाज को उनके जीवन चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए। हम उनके जैसा जीवन जी तो नहीं सकते लेकिन उनके बताए हुए हुए मार्गों पर चलने की कोशिश ज़रूर करनी चाहिए। मौके पर सरपंच धनेश्वरी ध्रुव, गोविंद साहू पूर्व सभापति, चिरौंजी हिरवानी, जागेश्वर कोसरिया, मुन्ना पटेल, नरेंद्र साहू, उत्तम साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।







